डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 72 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 21 दिसम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया




## अफीम तस्कर को 5 वर्ष का सश्रम कारावास, 40 हजार रूपए जुर्माना भी लगाया

**मंदसौर, 20 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा आरोपी जसवंतसिंह पिता किशोरसिंह राजपूत उम्र 28साल नि. खेजड़िया थाना सीतामऊ जिला मंदसौर को अफीम तस्करी करने का दोषी पाते हुए 5 वर्ष का सश्रम कारावास और 40 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 10 मार्च 2013 को थाना सीतामऊ के सउनि विजय राव ने मुखबीर सूचना पर कार्यवाही करते हुए ढिकनिया दरगाह फंटे पर नाकाबंदी कर जसवंतसिंह पिता किशोरसिंह नि. खेजड़िया के कब्जे से 2 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम जप्त की थी। आरोपी जसवंतसिंह को गिरफ्तार अपराध धारा 8/18 एनडीपीएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अनुसंधान उपरांत न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन एडीपीओ दीपक जमरा द्वारा किया गया।



## आदिम जाति कल्याण विभाग में पदस्थ चपरासी चंबल में कूदा, मौत

**बसई, 20 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** आदिम जाति कल्याण विभाग मंदसौर में चपरासी के पद पर पदस्थ व्यक्ति ने बसई पुलिया से चंबल नदी में छलांग लगा ली। घटना का पता लगते ही गोताखोरों ने उन्हें बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सुवासरा थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय ने बताया कि बगदीराम मालवीय आदिम जाति कल्याण विभाग मंदसौर में चपरासी के पद पर पदस्थ थे। इनका निवास सुवासरा में है। बुधवार की शाम करीब 7 बजे इन्होंने अपनी मोटरसाइकिल बसई चंबल नदी के किनारे पुलिया पर खड़ी की और वहीं अपना मोबाइल भी रखकर नदी में छलांग लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से तत्काल बाहर निकाल कर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। श्री मालवीय ने बताया कि घटना के कारणों के बारे में अभी कुछ भी पता नहीं लगा है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गांधी सागर बांध: 100 करोड़ की योजना अधर में



**जलस्तर को लेकर यह है नियम...**

**अगस्त**- 1306 फीट से नीचे रखेंगे
**सितंबर**- 1306 से 1311 फीट तक रखेंगे
**अक्टूबर**- 1312 फीट से ज्यादा रखेंगे

## प्रस्ताव बनाकर भेजे, अब उम्मीद भी कम

**मंदसौर, 20 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** एशिया की सबसे पहली मानव निर्मित झील गांधीसागर पर बना बांध 2019 की अतिवृष्टि में खतरे के मुहाने पर पहुंच गया था। आवक ज्यादा होने से पानी बांध के ऊपर से निकलकर बिजलीघर में घुस गया था। इसके बाद से बिजलीघर की यूनिट भी काफी समय तक खराब रही थी। इसी साल जनवरी में चीफ इंजीनियर स्तर के अधिकारियों ने निरीक्षण कर बांध पर आवश्यक कार्य के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाया था। यह प्रस्ताव अभी वर्ल्ड बैंक में लंबित है। इधर अब इस राशि के मिलने की उम्मीद भी कम लग रही है। इस योजना में मिलने वाली राशि की उम्मीद में टेंडर प्रक्रिया भी निकालने की कवायद शुरु हो गई थी। गांधीसागर के जलग्रहण क्षेत्र के पानी की आवक की जानकारी रखने के लिए बने 13 रिपोर्टिंग स्टेशन भी हाईटेक किए जाना थे। पर राशि के अभाव में योजना में तय किए गए कई बड़े-बड़े काम अधूरे हैं। मानसून के दौरान बाढ़ का खतरा टालने के लिए बांध के जलभराव के नियम भी तय किए गए थे। इस सारी कवायद का उद्देश्य मप्र व राजस्थान के 8 जिलों की लगभग 40 लाख आबादी को सुरक्षित करना था। वहीं एक बार फिर गुजरात की कंपनी द्वारा किए गए सर्वे ने गांधी सागर की सुरक्षा पर सवाल उठा दिए है।

### राशि के अभाव में रुके हुए काम...

गांधीसागर बांध को सुरक्षित करने से चंबल नदी पर ही आगे बने कोटा बैराज, जवाहर सागर, राणाप्रताप सागर पर बने परमाणु बिजलीघर को भी कोई खतरा नहीं होगा। वहीं मप्र के ही श्योपुर, भिंड सहित अन्य क्षेत्रों में भी आबादी सुरक्षित रहेगी। पर इसके लिए मिलने वाली राशि अभी तक नहीं आई है। इससे सारे कार्य रुके हुए हैं। गांधीसागर के जलग्रहण क्षेत्र में पूर्वानुमान के लिए बनाए गए 13 रिपोर्टिंग स्टेशन भी हाइटेक करने की योजना बन गई है। सभी जगह पानी की आवक पता करने के यंत्र लगेंगे। जो सीधे गांधीसागर बांध पर बनने वाले कंट्रोल रूम से जुड़े रहेंगे। कंट्रोल रूम को सीधे भोपाल से जोड़ा जाएगा। इसकी जानकारी समय पर मिलने से गांधीसागर बांध में जलस्तर कम ज्यादा किया जा सकेगा।

### कैग की रिपोर्ट भी दे चुकी है चेतावनी...

दरअसल भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई थी कि गांधीसागर बांध की जल्दी मरम्मत नहीं कराई गई तो टूटना तय है। इससे राजस्थान और मप्र के 8 जिलों में रहने वाली 30-40 लाख की आबादी का सब कुछ बर्बाद हो सकता है। इसके बाद हरकत में आई मप्र सरकार ने बांध का निरीक्षण करने टीम भेजी थी। अधिकारियों ने 276 करोड़ रुपये के प्रस्ताव बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना के तहत बनाए थे, पर उस पर विचार नहीं हुआ। दो साल पहले जनवरी में जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर सहित अन्य अधिकारी गांधीसागर आए थे। और छोटे-बड़े कार्य मिलाकर 100 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाया गया था। यह राशि केंद्रीय जल आयोग के माध्यम से मिलना थी। पर अभी तक राशि का इंतजार है।

### पहले वाली टीम के कई प्रस्ताव नहीं माने गए...

- पहाड़ियों के बीच में बने गांधीसागर बांध के दोनों तरफ लेंड स्लाइड रोकने हेतु सुरक्षा दीवारें बनाई जाए।
- 2019 में अतिवृष्टिव बाढ़ से क्षति ग्रस्त हुई रामपुरा रिंगवाल बनाई जाएं।
- गांधीसागर के सभी रोड की जरूरी मरम्मत की जाए, आधुनिक बिजली उपकरण लगाए जाए।
- बाढ़ के पूर्वानुमान के लिए 13 रिपोर्टिंग स्टेशनों को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाए।
- बांध पर एक कंप्यूटर सेंटर बनाकर मौसम विभाग के डेटा सेंटर से जोड़कर बारिश, चक्रवात का पूर्वानुमान के लिए साफ्टवेयर बनाया जाए।
- बांध के सामने के गड्ढे भरने, बांध की गेलरी का कार्य करने सहित सुरक्षा की सिफारिशें की थीं।
- 4.86 लाख क्यूसेक है निकासी क्षमता, 20 लाख क्यूसेक तक हो चुकी है पानी की आवक

### इनका कहना...

100 करोड़ की योजना के मामले में प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका था। हालांकि अभी तक राशि नहीं मिली है। राशि कब तक मिल पाएगी, इस संबंध में कुछ नहीं कहा जा सकता। इस राशि से योजना में तैयार कई बड़े काम यहां होने हैं।

**विमल श्रीवास्तव**
**ईई, गांधी सागर**

# खनिज अधिकारी पर भड़की जिपं अध्यक्ष

### खुली खदानों में होते है हर साल हादसे, विभाग गैर जिम्मेदार बना



**मंदसौर, 20 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार को जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक सभागृह में हुई। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार भी शामिल हुई। यहां सदस्यों ने खनिज विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाए। जिला पंचायत अध्यक्ष भी खनिज विभाग की गैर जिम्मेदारी को लेकर भड़क उठी। बैठक में अन्य विभागों की समीक्षा भी की गई।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पाटीदार ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से खनिज विभाग की लापरवाही पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा- जिले में कई स्थानों पर मिट्टी और पत्थरों की खदानें खुली पड़ी हैं। जो बड़े हादसों का कारण बन रही हैं। संबंधित विभाग को सुधार के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, उन्होंने जिला खनिज अधिकारी भावना सेंगर की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर नाराजगी जाहिर की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा- सामान्य प्रशासन की बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले की जो भी ग्राम पंचायत स्वच्छता के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी, उन पंचायतों को नरेंद्र मोदी उत्कृष्टस्वच्छता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इससे ग्राम पंचायतों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और गांवों में साफ सफाई बनी रहेगी।

बैठक में उपस्थित जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को जिला पंचायत अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि शामगढ़-सुवासरा सुक्ष्म सिंचाई योजना में ठेकेदार द्वारा किया गया कार्य गुणवत्ता विहीन है। कई जगह पाइप की गहराई 4 फीट गहरी ना होकर एक या दो फीट पर ही पाइप बिछाए गए हैं और जिससे जुताई के समय ही पाइप बाहर आ रहे हैं। इस एक विस्तृत जांच कर अवगत कराया जाए और जहां-जहां कार्य गुणवत्ता विहीन हुआ है। उसमें तुरंत सुधार लाकर क्षेत्र के किसानों को सिंचाई हेतु जल्द से जल्द पानी उपलब्ध कराया जाए। जल जीवन मिशन के अधिकारियों को जिला पंचायत अध्यक्ष नया निर्देशित किया कि गांव में सीसी रोड़ खोदकर जो पेयजल की पाइप लाइन बिछाई जा रही है, उस कार्य को जल्दी से जल्दी पूरा किया जाए और सीसी रोड को पूर्ण रिपेयर समय सीमा में ही किया जाए, ताकि ग्राम वासियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। बैठक मे जिला पंचायत उपाध्यक्ष विनिता यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार सत्यम सहितत सभापति व सदस्यगण तथा विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शीत लहर से छूट रही कंपकंपी, बढ़ेगा ठंड का असर

**मंदसौर, 20 दिसंबर गुरु एक्सपेस।** दोपहर में धूप के चलते ठंड से राहत मिल रही थी। लेकिन, बुधवार को इस सीजन की सबसे ठंडी दोपहर रही। शीत लहर के चलते कंपकंपी छूटी तो कई जगहों पर अलाव का सहारा लेते लोग नजर आए। इसके अलावा लोग सुबह से ही ऊनी कपड़ों में दिखाई दिए।

बुधवार को सर्द हवाओं ने मंदसौर की फिजाओं को ठंडा कर दिया। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण लोगों को इन दिनों ठिठुरन भरी सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को भी पूरे दिन शहर में उत्तरी सर्द हवाओं का दौर जारी रहा, हल्के बादल और सर्द हवाओं के कारण दिन भर लोग सर्दी से बेहाल नजर आए। मंदसौर में सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ दिखाई दिया। सुबह से शहर में तेज हवा चल रही थी। सुबह हवा की अधिकतम रफ्तार 15 किमी तक पहुंच गई थी। इसके बाद हल्के और आंशिक बादल भी दिखाई दिए।

मौसम जानकारो के अनुसार 22-23 दिसंबर के बीच प्रदेश में एक दो नए सिस्टम एक्टिव होंगे, जिसके प्रभाव के चलेत 23-24 दिसंबर को बादल छाने के साथ मालवा समेत प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। उत्तर भारत की तरफ से आ रही हवा की रफ्तार 8 से 10किमी प्रति घंटा से बढ़कर 10-15 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के जाने के बाद 24 से 31 दिसंबर के बीच प्रदेश में तेज ठंड पड़ने के आसार हैं।

# प्रतापगढ़ के देवलदी में पुलिस पर फायरिंग

### पुलिस ने भी किया जवाबी फायर, आरोपी फरार

**प्रतापगढ़, 20 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** फरार वारंटी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर आरोपी ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में फायर किए। मुठभेड़ में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मामला जिले के अरनोद थाना क्षेत्र के देवलदी गांव का है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबीर सूचना मिली थी कि एनडीपीएस सहित कई संगीन मामलों में फरार स्थाई वारंटी भय्यू उर्फ नूर अफजल देवलदी गांव में है। सूचना पर बुधवार को पुलिस के तीन से चार जवान आरोपी को पकड़ने पहुंचे।आरोपी भय्यू को देख पुलिस ने पीछा किया। पुलिस को देखकर भय्यू भागने लगा और बचने के लिए पुलिस पर दो फायर किए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी आरोपी भय्यू पर एक फायर किया। लेकिन, पुलिस का निशाना चूक गया। आरोपी भय्यू झाड़ियो की आड़ में होता हुआ जंगल में भाग निकला। मामले में पुलिसकर्मियों ने अरनोद थाने पहुंचकर आरोपी भय्यू के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया है।प्रतापगढ़ के पुलिस कप्तान अमित कुमार ने घटना में संज्ञान लेते हुए, टीमों का गठन कर आरोपी की तलाश में दबिश देना शुरू कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार युवक पर तीन से चार गम्भीर धाराओं के अपराध में मामले दर्ज थे और वह काफी टाइम से फरार चल रहा था।

# पुलिस के हत्थे चढ़े वाहन चोर, सात बाइक जप्त

**गरोठ, 20 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** वाहन चोरी की घटनाओं से परेशान गरोठ पुलिस को बुधवार के दिन सफलता मिली और वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात मोटरसाइकिल बरामद की गई।



गरोठ थाना प्रभारी पुलिस ने बताया कि 18 दिसंबर को मंगलम होटल के सामने वाहन चैकिंग के दौरान एक मोटरसाईकल हिरो होण्डा स्पलेण्डर काले सफेद पट्टे वाली पर सवार होकर एक व्यक्ति आ रहा था। लेकिन, जैसे ही उसने पुलिस को देखा हड़बड़ी में मोटरसाइकिल को वापस घूमाकर भागने की कोशिश करने लगा। ऐसे में पुलिस को संदेह हुआ और तत्काल घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान लक्ष्मण उर्फ लच्छु पिता बापूलाल मेघवाल उम्र 20 साल नि। खाईखेड़ा जुना थाना शामगढ के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी से गहन पूछताछ की तो उसने बताया मोटरसाईकल नंबर एमपी 14 बीए 6462 मोटरसाईकल को ग्राम सेमलिया रानी थाना सीतामऊ से एक माह पूर्व चोरी करके लाया था। उसने एक अन्य आरोपी फारूख पिता फखरू अजमेरी उम्र 30 साल निवासी गोटारसी थाना हतुनिया जिला प्रतापगढ राजस्थान के बारे में भी बताया जिसे भी पुलिस ने गिरफ्तार किया तथा 6 अन्य मोटरसाईकल शामगढ, सीतामऊ, सुवासरा, मंदसौर से चोरी करके लाना तथा स्वयं के खेत पर झाड़ियों में छुपाना बताया। पुलिस ने सभी मोटर साईकिल जप्त कर ली है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## कलेक्टर ने बनाई योजना, अब मेडिकल स्टोर्स पर नापा जाएगा ब्लड प्रेशर

**नीमच, 20 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कम उम्र हो या अधिक, अब नीमच हार्ट अटैक के मरीजो के मामले में रोल मॉडल बनने की तैयारी कर रहा है। इसे देखते हुए कलेक्टर ने योजना बनाई है। जिसके तहत अगले साल 1 जनवरी से जिले की 350 दवा दुकानों पर दवा लेने जाने वाले मरीजों के ब्लड प्रेशर को निशुल्क मापा जाएगा। देश में मेडिकल स्टोर्स पर निशुल्क ब्लड प्रेशर की जांच करने वाला नीमच पहला जिला होगा।

देश में हार्ट अटैक से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 10 साल में करीब सवा दो ... **शेष पेज 4 पर**




# नौ ट्रकों में भरे 100 से ज्यादा गौवंश बरामद, गौशाला में छुड़वाया

### गो सेवकों की मदद से पुलिस को मिली सफलता, जांच शुरू



**नीमच, 20 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार को जिले की जीरन और सिटी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 ट्रकों में ठूंस-ठूंसकर ले जाए जा रहे 100 से ज्यादा गौवंश को बरामद करने में कामयाबी हासिल की है।

गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं को जानकारी मिली थी कि कई ट्रकों में भरकर गोवंश राजस्थान से नीमच की ओर होकर ले जाया जा रहा है। जिस पर गो सेवकों ने पुलिस की मदद से 9 ट्रकों में भरे गोवंश को पकड़ा है। इसमें नीमच सिटी थाना पुलिस और जीरन पुलिस ने कार्रवाई की है। सिटी थाना क्षेत्र के भाटखेड़ा चौराहा पर पुलिस ने पांच ट्रकों को पकड़ा। इन सभी ट्रकों को पहले नीमच सिटी थाने लाया गया। जहां से गोवंश को लेवाड़ा स्थित गौशाला पर ले जाया गया। इसी तरह जीरन थाना क्षेत्र के हरकिया खाल पुलिस चौकी पर भी पुलिस ने नाकाबंदी करके कर 4 ट्रकों को पकड़ा जिसमे भरे गोवंश को पहले जीरन थाने पर ले जाया गया। जहां से जीरन स्थित गौशाला में छोड़ा गया है। दोनों स्थानों पर हुई इस कार्रवाई में 9 ट्रकों में 100 से अधिक गौवंश को भरकर ले जाया जा रहा था। वहीं मामले की जांच में पुलिस जुट गई है।

मामले पर ट्रक ड्राइवर राजाराम का कहना है कि वह पूर्ण दस्तावेज के साथ गौवंश ले जा रहे हैं। राजस्थान के मेले से एमपी के व्यापारी इस तरह गौवंश खरीद कर ले जाते हैं। सभी ट्रक राजस्थान के ब्यावर मेले से सिमरोल खलघाट समीप मेले में ले जाए जा रहे हैं। ट्रकों में भरा सभी गौवंश बेल हैं। बदनावर के व्यापारी बाबूलाल एक अन्य करमु नाम का व्यापारी है, जिनके लिए हम यह गौवंश ले जा रहे हैं। फिलहाल इस मामले में नीमच पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी हुई है। जीरन और नीमच सिटी थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 9 ट्रकों में भरे गोवंश को बरामद किया है। इनमें बैल और नर बछड़े शामिल है। इधर गो रक्षा दल के संभागीय महासचिव कृष्णपालसिंह पंवार ने बताया कि 40 गाड़ियां निकलने की मुखबीर से गौ रक्षा दल को सूचना मिली थी। 9 गाड़ियो को पकड़ा है। पुलिस का इसमे सराहनीय सहयोग रहा है। कई वाहन अन्य रास्तो से निकल जाते है। प्रशासन से मांग है कि इस तरह के मामले में सख्त कार्रवाई की जाए और पकड़ी गई सभी गाड़ियों को राजसात किया जाए।

गर्ग (केडिया) व काबरा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शंकराचार्य श्री ज्ञानानंदजी तीर्थ का हुआ आगमन...

# पापकर्म करने के पूर्व मनुष्य को उसके परिणाम की चिंता करना चाहिये-उत्तमस्वामीजी






**मंदसौर, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** दिनांक 17 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक रूद्राक्ष माहेश्वरी धर्मशाला में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। रामगोपालजी प्रहलाद महेश काबरा , सत्यनारायणजी, हरिश, महेश, रम्मू गर्ग (केडिया), कुंदनमलजी, प्रहलाद, ब्रह्मप्रकाश, पियूष गर्ग (केडिया) परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में महामण्डलेश्वर महर्षि श्री उत्तमस्वामीजी प्रतिदिन दोप. 1 से सायं 5 बजे तक व्यासपीठ पर विराजित होकर श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करा रहे है। इस कथा के श्रवण करने मंदसौर नगर ही नहीं अपितु पूरे अंचल के धर्मालुजन बडी संख्या में कथा स्थल पर पहुंच रहे है और कथा श्रवण का धर्मलाभ ले रहे है।

प.पू. महर्षि महामण्डलेश्वर श्री उत्तमस्वामीजी ने भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्री कृष्ण के जन्म का वृतान्त श्रवण कराया। संतश्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जन्म के पूर्व पूरे भारतवर्ष जिसे उस समय आर्यवृत्त के नाम से भी जाना जाता था स्थिति विकट थी। मथुरा नरेश कंस के कारण पूरे आर्यावृत्त की प्रजा दुखी थी। ब्राह्मणों को यज्ञ नहीं करने दिया जाता था। स्त्रियों व बच्चों का जीवन भी सुरक्षित नहीं था। स्त्रियों पर कंस की सेना अत्याचार करने से गुरेज नीं करती थी। कंस ने अपनी बहन देवकी व बहनाई को मथुरा के कारागार में बंदी बनाकर रखा था। उनकी सात संतानों की निर्दयता से उसने हत्या कर दी थी। ऐसे दुष्टव्यक्ति को दंडित करने व पुन: धर्म की स्थापना के लिये श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। कृष्ण के जन्म होते ही मथुरा के कारागृह के दरवाजे जो बंद थे खुल गये। वासुदेव ने कृष्ण को ले जाकर अपने मित्र गोकुल के नंदबाबा के यहां छोड दिया। भादौ मास की अष्मी को जब यमना नदी उफान पर थी उस समय वासुदेव ने नन्हें बाल स्वरूप कृष्ण को यमना नदी पार कराई। कृष्ण को जन्मोत्सव गोकुल में नंदबाबा व माता जसौदा के यहां मना। प.पू. उत्तमस्वामी के मुखारविन्द से भगवान कृष्ण का ऐसा जन्मवृतान्त सुन पुरे कथा पाण्डाल में खुशी का वातावरण निर्मित हो गया। चारों और कृष्णजी के जयकारे गुंजने लगे। इसी दौरान वासुदेव व देवकी बने हरिश गर्ग व गुणिता गर्ग ने कृष्ण गोपाल बने इशीता गर्ग को कथा पाण्डाल में प्रवेश कराया। बालस्वरूप कृष्णजी का कथा पाण्डाल में भव्य स्वागत हुआ। उन पर पुष्पवर्षा की गई। हरिश व गुणिता गर्ग ने नन्हें बाल गोपाल को नंदबाबा व जसौदा बने प्रहलाद आशा काबरा को सौंपा तो काबरा व गर्ग परिवार ही नहीं अपितु पुरे कथा पांडाल में जन्मोत्सव की खुशिया मनाई जाने लगी। कृष्ण जन्मोत्सव पर ऐसा अद्भूत अवसर देख धर्मालुजनों ने भी एक दूसरे को कृष्ण जन्मोत्सव की बधाई दी।

**पाप केपरिणाम की चिंता करें–** प.पू. श्री उत्तमस्वामीजी ने कहा कि मनुष्य अपने स्वार्थ के लिये पाप व पुण्य कर्म करता है। पापकर्म करने के पूर्व मनुष्य को उसके परिणाम की चिंता जरूर करना चाहिये। सुखदेव राजा परीक्षित को कहते है कि प्रत्येक कार्य के पहले उसके परिणाम की चिंता करना चाहिये। मनुष्य को पापकर्म करने के पहले उसके परिणाम का भी चिंतन करना चाहिये।

**शंकराचार्यजी का हुआ आगमन–** श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भानपुरा पीठ के शंकराचार्य श्री ज्ञानानंदजी तीर्थ, युवाचार्य श्री वरूणेन्द्रजी तीर्थ एवं मेनपुरिया आश्रम के महंत श्री महेश चैतन्यजी महाराज आदि कई संतों का भी आगमन हुआ। भागवत कथा में पधारे श्री शंकराचार्य श्री ज्ञानानंदजी तीर्थ ने भागवत पौथी पर पुष्प अर्पित कर पौथी की आरती की। इस अवसर पर उन्होनें कथा आयोजक काबरा व गर्ग (केडिया) परिवार के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करने पर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।

**विशिष्ट अतिथियो ने पौथी पूजन किया–** श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस बुधवार को कथा शुभारंभ अवसर पर प्रदेश के पूर्व मंत्री कैलाश चावला, भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, म.प्र. स्टेट पेपर हाउस कार्पोरेशन के उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सकल जैन समाज अध्यक्ष प्रदीप कीमती, निराश्रित बालगृह अपना घर के प्रमुख श्री रावविजयसिंह ने भागवत पोथी का पूजन किया और संतश्री का स्वागत कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर काबरा व गर्ग (केडिया) परिवार ने अतिथियों का भी स्वागत किया।

**इन्होनें भी किया पौथी पूजन व संतश्री का स्वागत–** चतुर्थ दिवस की कथा के शुभारंभ अवसर पर काबरा व गर्ग (केडिया) परिवार के रिश्तेदारों व मित्रगणों ने भी भागवत पौथी का पूजन किया और संतश्री से आशीर्वाद लिया। भरत बंसल भीलवाड़ा, कैलाश अग्रवाल रतलाम, नंदकिशोर अग्रवाल हक्कूभाई मंदसौर, सत्यनारायण न्याती इंदौर, गोपाल न्याती, शंभु न्याती, भेरूलाल माहेश्वरी, विनीत लड्डा, मण्डी बोर्ड के जाईट कमिश्नर महेन्द्रसिंह चौहान, विहिप के गुरूचरण बग्गा, प्रदीप चौधरी, कन्हैयालाल सोनगरा, लक्की बडोलिया, मीड्यिा परिवार के ब्रजेश जोशी, डॉ. घनश्याम बंटवाल, संजय लोढ़ा, पुष्पराजसिंह राणा, नरेन्द्र अग्रवाल, प्रकाश सिसौदिया, राहुल सोनी, अनिल जैन, संजय वर्मा, लोकेश पालीवाल, पं. अशोक त्रिपाठी, जितेश जैन, आशीष भारद्वाज, शंभुसेन राठौर ने भी भागवत पौथी का पूजन कर संतश्री से आशीर्वाद लिया।



## गनेड़ीवाल चेरिटेबल ट्रस्ट ने शासकीय स्कूल में वितरीत किए 245 स्वेटर

**मंदसौर, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** गनेडीवाल ट्रस्ट समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार काम कर रहा है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना हो या स्वास्थ्य सेवाओं में जरुरतमंदों की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मदद करना, इसके लिए ट्रस्ट अपनी पहचान बना चुका है। अब सर्दी के मौसम बच्चों को ठंड से बचाने के लिए भी ट्रस्ट अपने स्तर पर पूरे प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में गनेडीवाल चेरिटेबल ट्रस्ट प्राथमिक विद्यालय और माध्यमिक विद्यालय अफजलपुर पहुंचा। यहां ट्रस्ट और स्कूल के पदाधिकारियों द्वारा बच्चों को स्वेटर वितरित किए। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि कुल 245 स्वेटर विद्यार्थियों को वितरित किए गए।

## पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, 4 घायल

**पिपलियामंडी, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दम्पत्ति व बेटे-बेटी घायल हो गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। नीमच के इंदिरा नगर डाक बंगले के पीछे निवासरत राजेश पिता गोपाल रेगर ने मल्हारगढ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वह अपनी पत्नी निशा, बेटी श्रद्धा व बेटे मयंक को साथ लेकर बाइक (एमपी 44 एमक्यू 6719) से मंदसौर से नीमच जा रहा था, इसी दौरान सूंठोद के निकट पिकअप (आरजे 01 जीडी 1316) के ड्राइवर ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी, जिससे सभी को शरीर पर कई जगह चोंटे आई। पुलिस ने पिकअप ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया।

## कुए के विवाद में पीटा, भतीजे सहित 3 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** पाती के कुए को लेकर हुए विवाद में भतीजे ने काका को पीटा। पुलिस ने केस दर्ज किया। कचनारा निवासी बहादूरसिंह पिता कचरुलाल बागरी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि घर पर था, इसी दौरान भतीजा कमल पिता अमरलाल बागरी, उसकी पत्नी रेखाबाई व लडकी विद्याबाई घर पर आए और बोले कि तेरे बेटे दुर्गाशंकर को समझा लेना की कुए पर नही आए। कहते हुए गाली-गलोज की व मारपीट की। तीनों ने पत्थर फैंके, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

स्वर्ण कलश आरोहण और 108 कुंडीय श्री हनुमंत महायज्ञ में...

## कलश यात्रा की तैयारी के लिए महिला मंडल की बैठक सम्पन्न



**मंदसौर, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 20 से 25 जनवरी 2024 में श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर के स्वर्ण कलश आरोहण एवं श्री 108 कुंडीय हनुमंत महायज्ञ के भव्य आयोजन की तैयारी के लिए श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर के सत्संग हॉल में महिला मंडल मातृशक्ति ग्रुप की बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता किन्नर गुरु अनिता दीदी ने की बैठक में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. धीरेंद्र त्रिवेदी ट्रस्ट गण दिलीप कुमार जोशी, जयप्रकाश सोमानी, सकल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा और वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी भी उपस्थित थे।

बैठक में सभी उपस्थित महिला मंडल की सदस्याओं को अवगत कराया गया कि 20 जनवरी को स्वर्ण कलश आरोहण के निमित्त होने वाले श्री हनुमंत महायज्ञ स्थल तक मंदिर से एक भव्य शोभा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें अधिक से अधिक संख्या में मातृशक्ति को सम्मिलित होने के लिए आव्हान किया गया। किन्नर गुरु अनिता दीदी ने सभी मातृशक्ति से कलश यात्रा में पंक्तिबद्ध होकर श्रद्धापूर्वक सम्मिलित होने का अनुरोध किया। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. धीरेंद्र त्रिवेदी ने महोत्सव की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में महिला मंडल मातृशक्ति ग्रुप की श्रीमती विद्या उपाध्याय, प्रीति रोकले, अंजू तिवारी, निर्मला गुप्ता, फूल कुंवर भावसार अमृत बाला शुक्ला नीता चौबे, मंजू भटनागर अल्पना गौड स्वाति अग्रवाल, शारदा सोमानी मंजू जाखेड़िया, आभा सोमानी, सुनीता बाहेती, वंदना भावसार, चंदा चाष्ठा, डा.मंजू जोशी, शालिनी तोमर, पल्लवी नागदा, राजेश्वरी राठौर, निर्मला शर्मा, ज्योति शर्मा, पुष्पा सोलंकी, कस्तूरी व्यास, ज्योति भटनागर, रेखा दुबे, उमा सैनी, रेखा दुबे, पुष्पा देवी, वीना राठौड़, रमा माथुर, राजू परिहार, वीना सोनी, गीतांजलि शर्मा, तनुजा कुशवाहा, यशोदा पाठक, आभा त्रिवेदी विद्या करोड़िया मधु नरणिया, आशा अग्रवाल, निरंजना गौड़, कांत शर्मा आदि उपस्थित थीं।

## वर्षों की प्रतीक्षा और निरंतर संघर्ष की परिणति है राम मंदिर

### राम मंदिर आंदोलन में अविभाजित मंदसौर जिले के सैकड़ों कारसेवकों ने दिया था अहम योगदान

**मंदसौर, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या में राममंदिर बनने की खुशी संपूर्ण देश मना रहा है। 22 जनवरी को रामलला अपने भव्य राम मंदिर में विराजने वाले हैं। इसको लेकर तैयारियां जोरो से चल रही है। लेकिन इस राम मंदिर के निर्माण में कारसेवकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।। अयोध्या राममंदिर आंदोलन में लाखों बलिदानियों कारसेवकों का बलिदान भगवान श्री राम के मंदिर के लिए हुआ था। राम मंदिर निर्माण से कार सेवा में प्राणोत्सर्ग करने वाले कारसेवकों के परिवारों की खुशी का ठिकाना नहीं है। वर्षों की प्रतीक्षा और निरंतर प्रयासों संघर्ष की परिणति है राम मंदिर। अंततः भारत के लिए एक वास्तविकता है।



कारसेवक रविन्द्र पाण्डेय ने बताया कि 1990 व 1992 में अविभाजित मंदसौर जिले से सैकडों की संख्या में कारसेवकों ने अयोध्या प्रस्थान किया था। 1992 से पहले 1990 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने राज्य की पुलिस को मंदिर परिसर में कार सेवकों को खुलेआम गोली मारने का आदेश भी दिया था 1992 में वही गुस्सा रामभक्तों था। देशभर से लाखों कारसेवकों की भीड़ बाबरी मस्जिद की ओर बढ़ रही थी। वे नारे लगा रहे थे- जय श्रीराम, रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे, एक धक्का और दो।।। इस नारे की गूंज से पूरी अयोध्या गूंज रही थी। लाखों रामभक्तों ने बाबरी ढांचे को तोड दिया। बल्लम, कुदाल, छैनी-हथौडा से ढांचे पर वार पर वार किए गए जिसके हाथ में जो था, वही उस ढांचे को ध्वस्त करने का औजार बन गया। यह सब दो घंटे में हो गया था इस घटनाक्रम की जांच के लिए बाद में लिब्रहन आयोग का गठन किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में माना कि प्राचीन भगवान श्री राम के मंदिर को तोड़कर कथित बाबरी मस्जिद बनी थी। मध्य काल मे विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं ने अयोध्या मथुरा काशी आदि हिन्दुओं के कंई देव स्थानों को तोडा था जिनके अवशेष आज भी देखने को मिलते हैं। आजादी के बाद हमें और हमारी भाभी पीढ़ी को जो सत्य इतिहास पढ़ाना चाहिए था वह नहीं पढ़ाया गया और मध्यकाल में आए विदेशी मुस्लिम आक्रांत लुटेरे को महिमा मंडित कर पाठ्यक्रमों में कपोल कल्पित इतिहास लिखवा कर भ्रमित किया गया झूठ अधिक समय तक नहीं चल सकता सच्चाई सामने आई और आज हम देख रहे हैं की कई सच्चे इतिहासकारों ने सच्चाई को उजागर किया जो आज हमारे सामने हैं।

**बर्खास्त की गई थी भाजपा की राज्य सरकारे –** इस घटना के बाद केंद्र सरकार ने उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, हिमाचल की सरकार को बर्खास्त कर दिया था। माननीय कल्याण सिंह जी बर्खास्तगी से करीब तीन घंटे पहले ही इस्तीफा दे चुके थे। हालांकि अब ये बातें इतिहास है।हमें आज यह नहीं भूलना चाहिए कि राम मंदिर के मुद्दे का समर्थन करने के लिए भाजपा को दशकों तक किस तरह अपमान और निंदा सहनी पडी थी। यह लगभग एक राजनीतिक अछूत बन गयी थी, राजनीतिक क्षेत्र में इसका कोई सहयोगी नहीं रह गया। वर्तमान में अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। कई तथाकथित बुद्धिजीवियों ने भाजपा का उपहास करते हुए कहा था कि पार्टी के लिए मंदिर-मस्जिद विवाद विकास और प्रगति से अधिक महत्वपूर्ण है। यह जनता की भावनात्मक सांस्कृतिक आकांक्षाओं से कुछ मीडिया घरानों के अलगाव का स्पष्टसंकेत है। वर्षों तक, बुद्धिजीवियों और मीडिया के कई संशयवादियों ने दावा किया कि अयोध्या में मंदिर का सपना केवल भाजपा का चुनावी नारा बनकर रह जाएगा। आम चुनाव से पहले जब भी भाजपा ने पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, तो तत्काल प्रसन्न करने वाली हेडलाइन यह होगी कि पार्टी ने अयोध्या-मंदिर मुद्दे को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। पीछे हो या सामने, जनता के प्रति प्रतिबद्धता पार्टी के एजेंडे के केंद्र में सुलगती रही। वर्तमान में प्रधानमंत्री का 22 जनवरी पौष मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि यानी 22 जनवरी 2024 को होगी। जो इस ऐतिहासिक अवसर पर संपूर्ण विश्व भर के राम भक्तों के लिए अद्भुत आनंद का अवसर होगा।

**रविंद्र कुमार पाण्डेय, मंदसौर**

## प्लाट के विवाद में पीटा, पिता-पुत्र पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** प्लाट के विवाद में मारपीट के मामले में पिता-पुत्र पर केस दर्ज हुआ। थडोद निवासी हीना पिंजारा ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि उनके ससुर फजलू ने एक साल पहले एक प्लाट तेजूलाल मीणा से खरीदा से जिसकी कुछ राशि बाकी थी। इसी बात को लेकर तेजू व उसके लड़के नरेन्द्र ने मेरे ससुर के साथ लकडियों से मारपीट की। मैं बीच-बचाव करने गई तो मेरे साथ भी मारपीट की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 40 | 2010 | 2751 |
| उडद | 65 | 3693 | 8401 |
| सोयाबीन | 4281 | 4401 | 4888 |
| गैहु | 1745 | 2460 | 3100 |
| चना | 90 | 4952 | 5350 |
| मसुर | 90 | 5000 | 5798 |
| धनिया | 189 | 4800 | 7200 |
| लहसुन | 9000 | 7050 | 22100 |
| मैथी | 300 | 5100 | 6200 |
| अलसी | 888 | 4721 | 5200 |
| सरसो | 500 | 4860 | 5078 |
| तारामीरा | 1 | 4743 | 4743 |
| इसबगोल | 20 | 12700 | 18500 |
| प्याज | 12000 | 500 | 2100 |
| कलोंजी | 44 | 7600 | 16400 |
| डॉलर | 10 | 8000 | 14380 |
| तिल्ली | 14 | 13901 | 16380 |
| मटरसुखी | 4 | 2370 | 2500 |
| असालीया | 1 | 7801 | 7801 |

## रोलबॉल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एवं समापन कार्यक्रम संपन्न




**मंदसौर, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** 67 वी राज्य स्तरीय रोलबॉल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एवं समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉक्टर विजय पाटीदार, कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने की। विशेष अतिथि पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, मध्य प्रदेश रोल बॉल फेडरेशन के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, जिला न्यायाधीश हर्ष सिंह बहरावत, जिला विधिक सहायता अधिकारी प्रवीण कुमार, तकनीकी ऑब्जर्वर सावित्री मालवीय के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर किया गया।सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई। स्वागत उद्बोधन जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज द्वारा दिया गया। प्रतिवेदन का वाचन क्रीड़ा अधिकारी बी.एल.बारीवाल ने किया। जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा डाक्टर विजय पाटीदार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें एवं योजना बद्ध, दृढ संकल्प लेकर, मेहनत करें।तभी जीवन में सफलता प्राप्त होगी। विशेष अतिथि पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं स्वयं 15 वर्षों से बास्केटबॉल का खिलाडी रहते हुए राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिला। विशेष अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला ने सभी विजेता टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल के साथ गीता के सार को अपने जीवन में लाएं गीता हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।खिलाड़ियों से आवाहन किया कि वे अपने माता-पिता, जिले, प्रदेश का नाम गोरवांवित करें। राज्य स्तरीय रोलबॉल प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर रीवा संभाग, द्वितीय स्थान पर उज्जैन संभाग, तृतीय स्थान पर इंदौर संभाग रहा। बालिका 17 वर्ष वर्ग में प्रथम स्थान रीवा संभाग, द्वितीय स्थान उज्जैन संभाग, तृतीय स्थान जबलपुर संभाग रहा। बालिका 19 वर्ष वर्ग में प्रथम स्थान पर उज्जैन संभाग, द्वितीय स्थान पर जबलपुर संभाग, तृतीय स्थान पर इंदौर संभाग रहा।

बालक 14 वर्ष वर्ग में प्रथम स्थान पर रीवा संभाग, द्वितीय स्थान पर उज्जैन संभाग, तृतीय स्थान पर भोपाल संभाग रहा। बालक 17 वर्ष वर्ग में प्रथम स्थान उज्जैन संभाग, द्वितीय स्थान जबलपुर संभाग, तृतीय स्थान रीवा संभाग रहा। बालक 19 वर्ष वर्ग में प्रथम स्थान उज्जैन संभाग, द्वितीय स्थान पर भोपाल संभाग, तृतीय स्थान पर इंदौर संभाग रहा। सभी संभागों की विजेता टीम को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी शील्ड पदक एवम प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कीर्ति सक्सेना एवं आभार प्रदर्शन संयोजक धर्मपाल सिंह देवड़ा द्वारा व्यक्त किया गया। इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में इंद्रमल जाटव, जगदीशचंद्र पालीवाल, पवन सोलंकी, गोवर्धन पाटीदार, अरुण पाटीदार, राजेश प्रजापत, कैलाश चंद्र मिमरोट, रघुवीर सिंह मसराम, रघुनाथ पोखरवाल, राम सिंह गिरवाल सुखलाल चरेड, राजू कुमार, वीरेंद्र सिंह देवडा आदि अधिकारी, कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

## डिजिटल भूगतान को लेकर सांसद गुप्ता ने लोकसभा में किया प्रश्न



**मंदसौर, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** यूपीआई लेनदेन को लेकर सांसद सुधीर गुप्ता ने लोकसभा में प्रश्न किया। सांसद गुप्ता ने कहा कि देश भर में यूपीआई लेन-देन धीरे-धीरे बहुत बढ़ रहा है और नकदी के परिचालन में अंततः गिरावट आ रही है। सरकार ने हाल ही में लोगों से केवल डिजिटल माध्यम से भुगतान करने का आग्रह किया है। लोगों को नकद भुगतान करने से रोकने और इसके स्थान पर डिजिटल करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए है। उन्होने कहा कि सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक ने रूपये क्रेडिट कार्ड को यूपीआई खातों से जोड़ने की अनुमति दे दी है ताकि छोटे लेन-देन के लिए प्लास्टिक कार्यों का उपयोग किया जा सके और यह उपभोक्ताओं के लिए किस प्रकार लाभकारी होगा। डिजिटल भुगतान पद्धति को लोकप्रिय बनाने के लिए सरकार भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किए गए किए जा रहे अन्य उपाय किए जा रहे है।

प्रश्न के जवाब में वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. भागवत कराड ने बताया कि यूनिफाइड पेमेंटस इंटरफेस (यूपीआई) लेन-देन की संख्या, जो वित्तीय वर्ष 2017-18 में 92 करोड़ थी वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर 8,375 करोड़ हो गई है, इस प्रकार इसमें 147 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक दर (सीएजीआर) से वृद्धि हुई है। इसी प्रकार, यूपीआई लेन-देन का मूल्य, जो 168 प्रतिशत सीएजीआर पर वित्तीय वर्ष 2017-18 में 1 लाख रुपये करोड था, वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर 139 लाख करोड़ रुपये हो गया है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 11 दिसंबर, 2023 तक यूपीआई के माध्यम से 8,572 करोड़ लेन-देन हुए हैं। उन्होने बताया कि देश में डिजिटल भुगतान लेन- देन की समग्र वृद्धि में यूपीआई, एक प्रमुख प्रेरक बल रही है, जिसके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2022-23 में 62 प्रतिशत डिजिटल भुगतान लेन-देन हुए हैं। प्रचलन में रहे बैंक नोटों के मूल्य में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि में कमी आई है, वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रचलन में रहे नोटो का मूल्य 9.9 प्रतिशत था, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में घटकर 7.8 प्रतिशत हो गया है। उन्होने बताया कि डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा की गई पहलों में अन्य बातों के साथ-साथ रूपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना, भुगतान स्वीकार करने सम्बंधी अवसंरचना ढांचे में सुधार के लिए विभिन्न हितधारकों को भारत सरकार द्वारा परामर्श जारी करना, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के लिए डिजिटल भुगतान लेन- देन और कारोबारियों को शामिल करने सम्बंधी वार्षिक लक्ष्य का आवंटन और निगरानी, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता ग्रामीण भारत में डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए अभियान और डिजिटल भुगतान हितधारकों और विधि प्रवर्तन एजेंसियों के साथ आयोजित अन्य प्रचार-प्रसार सम्बंधी गतिविधियां शामिल हैं।

उन्हाने बताया कि ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग अपनाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए, आरबीआई डिजिटल भुगतान उत्पादों, धोखाधडी और जोखिम को कम करने और शिकायत निवारण के बारे में जागरूकता पर जोर देने के साथ-साथ देश भर में इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग जागरूकता और प्रशिक्षण (ई-बात) कार्यक्रम, डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह, मिशन हर पेमेंट डिजिटल कार्यक्रम भी आयोजित कर रहा है । जिसका उद्देश्य भारत के प्रत्येक व्यक्ति को डिजिटल भुगतान की जानकारी देना है। आरबीआई ने आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 75 डिजिटल गांव कार्यक्रम भी शुरू किया है और विभिन्न डिजिटल भुगतान पहल जिनमें ग्राहकों की संरक्षा, सुरक्षा और सुविधा को कवर किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से लिंक करने की अनुमति दे दी है। उपभोक्ताओं को होने वाले लाभों में, एक बार रुपे क्रेडिट कार्ड यूपीआई से लिंक हो जाने पर, यूपीआई क्यूआर के माध्यम से इसका उपयोग करने के लिए प्लास्टिक कार्ड ले जाने की कोई आवश्यकता नहीं होगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का नीमच ग्रामीण क्षैत्र में भ्रमण कार्यक्रम

**नीमच, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** विकसित भारत संकल्प् यात्रा 16 दिसम्ब र 2023 से प्रांरभ होकर 26 जनवरी 2024 तक आयोजित की जा रही है। इस यात्रा के दौरान प्रतिदिन दो ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित किये जाकर शेष रहे हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। शिविरों में स्वास्थ्य मेले के तहत स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है। आभा आईडी एंव बी.पी.शुगर की जॉच कर, कार्ड प्रदान किये जा रहे है।

विकसित भारत सकल्पा यात्रा उपखण्ड नीमच के ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार 21 दिसम्बर को ग्राम सिरखेडा प्रांरभ होकर लसूडीतंवर एंव जवासा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगी। यात्रा 22 दिसम्बर को रेवलीदेवली, बिसलवास सोनगरा, अड़मालिया, 23 दिसम्बर को बामनिया, केलूखेडा एंव कोठडी इस्तमुरार, 27 दिसम्बर को पालसोडा, विशनिया, भंवरासा, 28 दिसम्बर को चल्दू अरनिया बोराना, 29 दिसम्बर को कुचडोद, छाछखेडी, 30 दिसम्बर को चीताखेडा, दलपतपुरा का भ्रमण करेगी। इसी तरह एक जनवरी 2024 को विकसित भारत संकल्प यात्रा तालखेड़ा, हरवार, फोफलिया, 2 जनवरी को अमावली जागीर, घसूंडी जागीर, 3 जनवरी को हरनावदा, कराडिया महाराज, 4 जनवरी को बमोरी, बमोरा, महूडिया, 5 जनवरी को सोनियाना, राबडिया, 6 जनवरी को जमुनियाकला, जयसिंहपुरा, 8 जनवरी को चम्पी, जमुनियाखुर्द, 9 जनवरी को भादवामाता, सावन, 10 जनवरी को गिरदौडा, कानाखेडा, 11 जनवरी को बरूखेडा, मालखेडा, बोरखेडीकला, 12 जनवरी को थडोली, जावी, 13 जनवरी को भरभडिया, सेमलीचन्द्रावत, 15 जनवरी को दारू, बामनबर्डी ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगी।

## रोजड़ों की समस्या से किसानों को निजात दिलाने की मांग

**पिपलियामंडी, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** रोजड़ों की समस्या को लेकर किसानों का प्रतिनिधि मण्डल मंदसौर जिला वन मण्डल अधिकारी संजय खरे से मिला व किसानों को रोजड़ों की समस्याओं से मुक्ति दिलाने की मांग की। सामाजिक न्याय मंच संयोजक, किसान नेता कचरुलाल चड़ावत ने बताया कि क्षेत्र में रोजडों के कहर से खेती, किसानी तबाह हो रही है व किसानों के खून पसीने की कमाई पर रोजड़े पानी फेर रहे है। दिनभर खेती का काम करना व कड़कडाती ठंड में रातभर रातीजगा करना किसान की नियती बन गई है। रोजड़ों की मुक्ति के साथ ही वन्य प्राणियों की कृषि क्षेत्र में अवैध घुसपेठ भी किसानों के लिए मुसीबत बनी हुई है। जिला वन मण्डल अधिकारी संजय खरे ने प्रतिनिधिमण्डल को बताया कि किसान रोजड़ों के रुकने, बैठने के ठिकानों व नियमित आने की लोकेशान की जानकारी वन विभाग को मोबाइल नम्बर 9424794935 पर दे। वन मण्डल के कर्मचारी ठिकानों की तस्दीक कर उन्हें पकड़ने का काम करेंगे। प्रतिनिधि मण्डल में कचरुलाल चड़ावत, विक्रमप्रकाश विद्यार्थी, बद्रीलाल धनगर, बंशीलाल पाटीदार, किशनलाल चोहान शामिल थे। प्रतिनिधिमण्डल ने क्षेत्र के किसान बंधुओं से अपील की कि वे वन विभाग के बताए अनुसार अपने-अपने क्षेत्र में रोजड़ों के ठिकानों की सूचना विभाग को दे तथा रोजड़ों से फसलों की क्षतिपूर्ति की रिपोर्ट राजस्व विभाग में करे। कार्रवाई के पश्चात संबंधित विभागों की समाधान कार्रवाई की समीक्षा के लिए रोजड़ा पीड़ित क्षेत्र के किसानों की बैठक व्यापक बैठक कर समस्या के स्थाई समाधान की कारगर रुपरेखा व रणनीति बनाई जाएगी।

कार्यालय :- **नवीन कुमार निमावत**, एडवोकेट

जवाहर मार्ग, जावद, जिला-नीमच (म.प्र.) मो.नं. 9425033929, 9806883929

**** जाहिर सूचना ****

बनाम :- सर्व साधारण

इस जाहीर सूचना के द्वारा सर्व साधारण एवं संबंधित पक्षकारान को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी ने सम्पतबाई, राजुबाई, कलाबाई , मंजुबाई, मधुबाई , रेखा पिता उंकारलाल जी जाति जाट, निवासीयान ग्राम केशरपुरा कलां, तहसील जावद, जिला नीमच (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि प.ह.नं. 16, ग्राम केशरपुरा कलां , तहसील जावद में स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 542 रकबा 0.620 हें. भूमि में से रकबा 0.520 हें. भूमि जिसकी चर्तुसीमा उत्तर में - सर्वे क्रमांक 543 की भूमि, दक्षिण में - सर्वे क्रमांक 541 की भूमि, पूर्व में -सर्वे क्रमांक 547, 548 की भूमि, पश्चिम् में - सर्वे क्रमांक 542 की शेष भूमि को मेरे पक्षकार ने खाते-खसरो में वर्णित भूमिस्वामी से क्रय करने का मौखिक अनुबंध किया हैं। मौखिक अनुबंध अनुसार मेरा व्यवहारी उक्त क्रय की जा रही सम्पत्ति के विक्रय धन का प्रतिफल विक्रेता को अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करायेगा। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति या संस्था का किसी भी प्रकार का कोई रहन, बय, दान, कब्जा व ऋण भार नहीं होने संबंधी विक्रेता द्वारा बताया गया हैं। उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे व्यवहारी के पक्ष में विक्रय धन राशि मेरे व्यवहारी द्वारा विक्रेता को अदा कर उप पंजीयक कार्यालय जावद में विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जायेगा जिस किसी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज साक्ष्य के पाँच दिवस में कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। पंजीयन के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति पेश की जाती हैं तो मेरे व्यवहारी के मुकाबले व्यर्थ एवं प्रभावशून्य होगी जो सभी पक्षो पर बंधनकारी होगी।

भवदीय

दिनांक :- 20.12.2023

नवीन कुमार निमावत, एडवोकेट, जावद

# नाबालिग बालिका का अपहरण कर बलात्कार करने वाले आरोपी को तिहरा आजीवन कारावास

**नीमच, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमान अजय कुमार टेलर, विशेष न्यायाधीश महोदय, अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 जिला नीमच द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग की 14 वर्षीय नाबालिक पीडिता का अपहरण कर उसके साथ बलात्कार करने वाले आरोपी सोनूदास पिता कैलाशदास बैरागी, उम्र-28 वर्ष, निवासी-खिलचीपुरा थाना नई आबादी, जिला मंदसौर को धारा 363 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3000रू अर्थदण्ड, धारा 366 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 7000रू अर्थदण्ड, धारा 376(3) भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं 50000रू अर्थदण्ड, धारा 5(एल)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं 50000रू अर्थदण्ड, धारा 3(2)(अ) अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं 50000रू अर्थदण्ड तथा धारा 3(2)(अं) अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3000रू अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।



घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि दिनांक 09.02.2019 को पुलिस थाना नीमच केंट क्षेत्र में रहने वाली पीडिता के चाचा ने थाने पर उपस्थित होकर रिपोर्ट लिखाई की दिनांक 09.02.2019 को उसकी 14 वर्षीय भतीजी प्रात: विद्यालय जाने का कह कर घर से गई थी, किंतु शाम तक वापस नहीं आने पर उसके संबंध में विद्यालय व आस-पास एवं रिश्तेदारी में पता किया गया किंतु पता नहीं चला, जिस कारण पीडिका की गुमशुदगी की रिपोर्ट लेख कराई, जिस पर से अपराध क्रमांक 78/2019 की प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई। विवेचना के दौरान पीडिता को दस्तयाब किया गया, जिसमें उसने बताया की आरोपी उसे शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपहरण करके ग्राम खिलचीपुरा, जिला मंदसौर ले गया था। जहां आरोपी ने उसे अपने घर में रखा तथा उसके साथ कई बार बलात्कार किया। विवेचना के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर एवं पीडिता का मेडिकल कराकर उम्र के संबंध में आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करते हुए आवश्यक अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र विशेष न्यायालय अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 नीमच में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन द्वारा माननीय विशेष न्यायालय अनुसूचित जाति/जनजाति (अतयाचार निवारण) अधिनियम नीमच के समक्ष विचारण के दौरान पीडिता सहित सभी महत्वपूर्ण साक्षीगण के बयान कराये गये तथा डीएनए रिपोर्ट भी पॉजेटिव आई जिस आधार पर आरोपी के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, जिस आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया तथा जुर्माने की संपूर्ण राशि 1,63,000रू को पीडिता को प्रतिकर के रूप में प्रदान करने का आदेश भी दिया गया।

# त्रिदिवसीय गोवर्धन परिक्रमा यात्री दल कल रवाना होगा

## 6 यात्रियों के समूह से आरम्भ परिक्रमा यात्री दल में मातृशक्ति सहित 700 लोग शामिल

**मंदसौर, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** चौदह साल पूर्व से मात्र 6 व्यक्तियों से शुरू हुई गोवर्धन परिक्रमा यात्रा आज विशाल स्वरूप में परिवर्तित होगई है। शुक्रवार 22 दिसंबर से 25 दिसंबर तक की परिक्रमा यात्रा में इस बार रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज हुई है, और नगर व अंचल के 700 से अधिक यात्री गोवर्धन परिक्रमा में शामिल होरहे हैं। यह जानकारी परिक्रमा यात्री दल के सहभागी एवं मीडिया प्रभारी डॉ घनश्याम बटवाल एवं श्री ब्रजेश जोशी ने दी।



आपने बताया कि पहली बार इस परिक्रमा दल में महिलाओं को जोड़ा गया है ओर लगभग 100 से अधिक महिलाएं जाएंगी। इस परिक्रमा दल में 10 वर्ष से लेकर 75 वर्ष आयु वर्ग के यात्री शामिल हैं। डॉ बटवाल एवं श्री जोशी ने बताया कि त्रिदिवसीय परिक्रमा यात्रा में सांवरिया दर्शन ,वृंदावन , मथुरा , गोवर्धन शामिल है। सभी वर्गों के यात्रियों का यह बड़ा समूह दशपुर की सामाजिक समरसता का प्रतीक बन गया है। उंच नीच , बिना भेदभाव के सहयात्री इस परिक्रमा में रहने वाले हैं। यात्रा के लिए विगत चार माह से अधिक समय से योजनाबद्ध ढंग से रेलवे आरक्षण , तीर्थ स्थानों पर दर्शन , परिक्रमा मार्ग , ठहरने , भोजन , आवास , परिवहन , सहित अन्य सुविधाएं कराई है। नामजद सूचना , उपयुक्त व्यवस्था की जानकारी सभी यात्रियों को प्रदान की गई है। शुक्रवार को मंडपिया सांवरिया सेठ के दर्शन के साथ सभी यात्री 23 प्रात: मथुरा पहुंच कर वृंदावन जाएंगे। सुबह के सत्र में जमुना जी मे चुनरी मनोरथ उत्सव के साथ मनेगा। परिक्रमा यात्रियों के माध्यम से एकत्र चुनरी की कोई 1400 फिट लम्बी चुनर तैयार की गई है जो कोई 50 से अधिक नावों पर सहयात्री लेकर जमुनानदी के चौडे पाट पर नाम स्मरण , पूजन अर्चन कर चुनरी ओढायेंगे , द्वारकाधीश दर्शन कर वृंदावन के देव दर्शन कर विश्राम करेंगे

24 दिसंबर को प्रात: से श्री गोवर्धन परिक्रमा आरम्भ होगी। गोविंद कुंड , दानघाटी व देव स्थानों , ब्रज क्षेत्र में होगी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि स्थान दर्शन को भी इस परिक्रमा यात्रा में जोड़ा गया है। ब्रज यात्रा और गोवर्धन परिक्रमा का धार्मिक , आध्यात्मिक , सांस्कृतिक , पौराणिक , साहित्यिक , सांगीतिक , सामाजिक महत्व रहा है। आदि काल से श्री कृष्ण की लीलाओं का सनातन जनमानस पर गहरा ओर स्थायी प्रभाव रहा है। पुष्टिमार्ग में कृष्ण लीलाओं का सुंदर वर्णन है। लोक चेतना से जुड़ी गोवर्धन परिक्रमा , जमुना जी मनोरथ , बांकेबिहारी मंदिर साक्षात आनंद का वातावरण निर्मित करते हैं। डॉ बटवाल एवं श्री जोशी ने बताया कि सनातन संस्कृति देव दर्शन के साथ जन जन को जोड़ने का सेतु है ऐसी यात्रायें। परस्पर सहयोग और विश्वास का उत्कृष्ट माध्यम बन गई है यह चौदह सालों से जारी यह गोवर्धन परिक्रमा यात्रा। कोई 60 से अधिक सहयात्री निस्वार्थ भाव से अनवरत परिक्रमा यात्रा को मूर्त रूप देने में जुटे रहे हैं। पिछले साल भी कोई 400 यात्रियों का दल गोवर्धन परिक्रमा पर गया था। विभिन्न वर्ग के यात्रियों के साथ सांसद सुधीर गुप्ता , गरोठ विधायक देवीलाल धाकड़ भी शामिल हुए और परिक्रमा यात्रियों का मथुरा वृंदावन में स्वागत किया। शानदार और आनंददायक यात्रा साथ ही मनवांछित फल प्रदान करने वाले श्री गोवर्धन की कृपा प्रसाद भी प्राप्त होरही है। 25 दिसंबर को परिक्रमा यात्रा का विराम होगा। यात्रियों की भी तैयारी अंतिम चरण में है। अनेक सुधीजनों , गणमान्य एवं श्रेष्ठी वर्ग ने दशपुर अंचल की सबसे बड़ी और श्रद्धा पूर्ण परिक्रमा यात्रा के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की है।

### स्वामी अवधेशमुनि अद्वैत आश्रम में मनाया जाएगा गीता जयंति महोत्सव

**मंदसौर, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के भादविया गली खानपुरा में स्थित स्वामी श्री अवधेशमुनि अद्वैत आश्रम लोकन्यास में दिनांक 22 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक चैदहवां गीता जयंति ज्ञान यज्ञ समारोह उत्साह के साथ मनाया जायेगा। समारोह में पपू श्री मंगलचैतन्य जी महाराज, पपू अवधेशानंद जी महाराज ओंकारेश्वर, श्री आत्मानंद जी सरस्वती रतलाम, स्वामी देवस्वरूपानंदजी रतलाम, पार्थ सारथी झाबुआ, नारायण प्रसाद शर्मा शाजापुर और पं राजेन्द्र दीक्षित चित्रकूट का सानिध्य प्राप्त होगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 22 दिसम्बर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक महोत्सव का शुभारंभ एवं संतों के प्रवचन, दिनांक 23 दिसम्बर शनिवार को गीता पाठ प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक संतो के प्रवचन दोप 2.30 बजे से 5 बजे तक एवं दिनांक 24 दिसम्बर रविवार को संतो के प्रवचन प्रात: 10 से 12 बजे तक जिसके पश्चात संतो की विदाई प्रसादी का आयोजन होगा। कार्यक्रम के ट्रस्टीगणों ने नगर की धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारने का निवेदन किया है।

### नरसिंहघाट नाले पर अतिक्रमण मामले में डा.तोमर ने कलेक्टर मंदसौर को पत्र लिखकर...

# नाले को बचाने हेतु कार्यवाही की मांग

## तहसीलदार मंदसौर के न्यायालय में नाले के सर्वे नम्बर 1456 का पूरा सीमांकन कराने के लिए अभिभाषक नीता होतवानी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया

**मंदसौर, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** नरसिंहघाट अखाड़ा व उसके पास स्थित नाले पर लगातार भू माफिया द्वारा अवैधानिक रूप से निर्माण कार्य कर नाले पर अतिक्रमण किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में कई बार शिकायतें होने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा कार्यवाही नहीं की जाना प्रशासन की गंभीर अनियमितता व मिली भगत को प्रमाणित करता है। इस मामले में शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं भागवत नगर विकास एवं सेवा समिति अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्रसिंह तोमर कलेक्टर मन्दसौर को पत्र लिखकर नाले को बचाने के लिए ठोस कार्यवाही करने की मांग की है। डॉ



तोमर ने पत्र में लिखा है कि शहर के नालों पर भू माफिया की नजर है, जिला कलेक्टर महोदय आप राजस्व अमले को कठोर कार्यवाही के निर्देश दीजिये। तहसीलदार मन्दसौर के न्यायालय में नाले के सर्वे नम्बर 1456 का पूरा सीमांकन कराने के लिए अपनी अभिभाषक नीता होतवानी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्रसिंह तोमर ने अपनी अभिभाषक नीता होतवानी के माध्यम से तहसीलदार मन्दसौर के न्यायालय में नाले के सर्वे नम्बर 1456 का पूरा सीमांकन कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। डॉ तोमर ने अपने अभिभाषक के माध्यम से श्रीमान तहसीलदार मन्दसौर के न्यायालय से निवेदन किया है कि नाले के सर्वे नम्बर 1456 का पूरा सीमांकन किया जाए एवं इस पर अवैध कब्जे को हटाते हुए दोषियों के विरुध्द कार्यवाही की जावे। मामले में जानकारी देते हुए डॉ तोमर की अभिभाषक नीता होतवानी ने बताया कि तहसील न्यायालय में मामले में अगली पेशी पर सुनवाई होगी।

# छात्र-छात्राओं ने खेलों में दिखाया दम आज होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नगरी, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के तहत आयोजित खेल कूद प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। आयोजन के तहत मंगलवार एवं बुधवार को 100 मीटर, 200 मी, 400 मी दौड़, रिले रेस, कबड्डी, खो खो एवं क्रिकेट के फाइनल मुकाबले संपन्न हुए। वॉलीबॉल में विजेता टीम कक्षा 11वीं, खो-खो में विजेता टीम कक्षा 9 वी, क्रिकेट में विजेता टीम कक्षा दसवीं रही। खेलकूद प्रतियोगिता का संचालन शिक्षक कमलेश धाकड़ एवं शंकर सिंह चौहान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बालिकाओं के चेयर रेस, मेहंदी, रंगोली, केश सजाओ ,फ्लावर डेकोरेशन, और नारियल सजाओ प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें चेयर रेस में प्रथम तनाज मंसूरी, रंगोली में कक्षा 12वीं प्रथम, हिंदी में निबंधलेखन कक्षा दसवीं प्रथम रही। सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताएं शिक्षक भंवरलाल सागित्रा एवम अनिल सुथार द्वारा संपन्न करवाई गई। खेलकूद एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं से संबंधित आवश्यक दिशानिर्देश संस्था प्राचार्य श्रीमती रीता शर्मा एवं वरिष्ठ अध्यापक यशवंत कुमार धाकड ने दिये।



इस दौरान संस्था के गोपाल धाकड मोहनलाल डोहरा , रिलीफ पछोलिया, दौलतराम ठन्ना ,कारूलाल साहू ,प्रगति सिसोदिया , गोवर्धनलाल धाकड़ , कविता शर्मा ,जयंत राठौर की उपस्थिति रही। वार्षिकोत्सव आयोजन के तहत आज गुरूवार को छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएगें। समापन शुक्रवार को पुरस्कार वितरण के साथ होगा।

# खुशियों का उपहार लेकर 4 को मंदसौर आऐगी बीके शिवानी दीदी

## कॉलेज मैदान में होगा प्रेरणादायी उद्बोधन, पंजीयन कराकर पा सकते है प्रवेश पत्र, बीके उषा दीदी ने दी आयोजन की पत्रकारों को जानकारी

**मंदसौर, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** अध्यात्म जगत की अंतर्राष्ट्रीय वक्ता, जीवन प्रबंधन की विशेषज्ञ ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी का 4 जनवरी की सुबह भगवान पशुपतिनाथ की पवित्र नगरी मंदसौर में आगमन हो रहा है। शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविघालय मैदान में आपका खुशियों का उपहार विषय पर प्रेरणादायी उद्बोधन होगा। उक्त आयोजन में प्रवेश नि:शुल्क है लेकिन ऑनलाईन पंजीयन अनिवार्य है। पंजीयन के साथ ही प्रवेश पत्र प्राप्त होगा जिससे समारोंह में प्रवेश मिलेंगा। ब्रह्माकुमारी के स्थानिय सेवा केन्द्र आत्म कल्याण भवन तलेरा विहार पर भी पंजीयन करवाकर प्रवेश पत्र प्राप्त किया जा सकता है।



यह जानकारी सेवा केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी उषा दीदी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए दी। इस दौरान बीके श्यामा दीदी, बीके हेमलता दीदी भी उपस्थित थे। उषा दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी विगत दो दशक से भी अधिक समय से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविघालय की नियमित विघार्थी है। आपने अध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग का गहन अध्ययन किया है। बीके उषा ने बताया कि भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में प्रथम बार ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी का प्रेरणादायी उद्बोधन 4 जनवरी 2024 को सुबह 7.30 बजे से स्थानीय कॉलेज ग्राउण्ड, महू-नीमच रोड़ पर होगा। आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रहीं है। मंदसौर की कई कॉलोनियों में घर-घर आमंत्रण पत्र वितरित किए गऐ है। समारोंह में प्रवेश पूरी तरह से नि:शुल्क है लेकिन इसके लिए पूर्व पंजीयन अनिवार्य है। मंदसौर में शहर में प्रचार-प्रसार हेतु लगाऐ गऐ विभिन्न होर्डिग्स और आमंत्रण पत्र पर ऑनलाईन पंजीयन हेतु लिंक दी गई है, क्यू आर कोड़ भी दिया गया है जिसे स्कैन करके ऑनलाईन पंजीयन किया जा सकता है। एक ही मोबाईल नंबर से अनेक लोगों को पंजीयन किया जा सकता है। जो महानुभाव ऑनलाईन पंजीयन करने में असमर्थ है वे स्थानीय सेवा केन्द्र आत्म कल्याण भवन तलेरा विहार मंदसौर पर भी पंजीयन करवाकर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है।

आपने बताया कि बीके शिवानी दीदी को 3 जनवरी को प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में आगमन हो रहा है, यहां से कार द्वारा आप रतलाम आऐंगी। 4 जनवरी की सुबह 7.30 बजे आपका मंदसौर नगर में आगमन होगा, कॉलेज मैदान पर प्रात: 8 बजे से खुशियों का उपहार विषय पर प्रेरणादायी उद्बोधन होगा, करीब दो घंटे के उद्बोधन के पश्चात प्रात: 10.30 बजे आपका मंदसौर से इंदौर के लिए प्रस्थान होंगा। बीके उषा दीदी ने बताया कि शिवानी दीदी के आगमन को लेकर नागरिकों में उत्साह का वातावरण है। मंदसौर में करीब 10 हजार से अधिक आमंत्रण पत्र बांटे जा रहे है, अब तक 2 हजार से अधिक लोगों ने अपना ऑनलाईन पंजीयन कर लिया है, अनेक लोग स्थानीय सेवा केन्द्र पर आकर भी अपना पंजीयन करवा रहे है। आपने ने नागरिकों से आव्हान किया कि अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन करवाकर प्रेरणादायी उद्बोधन का लाभ प्राप्त करें और जीवन प्रबंधन के गुड रहस्यों को जानकर अपने जीवन को खुशहाल बनाऐं।

**प्रख्यात मोटीवेशन वक्ता एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक बीके शक्तिराजसिंह भी आऐंगे-** मंदसौर सेवा केन्द्र की संचालिका बीके उषा ने बताया कि प्रख्यात मोटीवेशनल वक्ता एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक बीके शक्तिराज सिंह का भी भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में आगमन हो रहा है, आपके सानिध्य में स्थानीय कॉलेज मैदान में 5 से 8 जनवरी 2024 तक जीवन का जश्न त्रिदिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे से 9 बजे तक तथा संध्या 6.30 बजे से 8 बजे तक जीवन प्रबंधन और खुशहाल जीवन के लिए आपका उदबोधन होगा।

### ट्रक ने टक्कर मारने के बाद कार को 100 फीट तक घसीटा

**पिपलियामंडी, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** ट्रक ने कार को टक्कर मारने के बाद 100 फीट तक घसीटा, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। इंदौर एचडीएफसी बैंक इंदौर के रितेशगिरी गोस्वामी ने पिपलिया थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी कार (एमपी 43 सीए 7283) से इंदौर से नीमच जा रहा था, वापस आने के दौरान इसी दौरान शाम पौने छह बजे करीब पिपलिया टोल के निकट पीछे की ओर से आ रहे ट्रक (एमपी 09 जीएफ 6305) के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर कार को टक्कर मार दी व 100 फीट दूर तक घसीटा, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक ने बताया कि दुर्घटना में उन्हें कोई चोंट नही आई। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया।

# गीता भवन में गीता जयंती पर गीता पाठ होगा

**मंदसौर, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 23 दिसम्बर शनिवार को मोक्षदा एकादशी (गीता जयंती) के अवसर पर धर्मधाम गीता भवन में गीता का मूलपाठ होगा। गीता भवन के संस्थापक एवं अध्यक्ष अन्तर्राष्ट्रीय संत स्वामी श्री रामनिवासजी महाराज के सानिध्य में गीता जयंती (मोक्षदा एकादशी) 23 दिसम्बर शनिवार को प्रात: 10 बजे गीता भवन स्थित भगवान श्री कृष्ण मंदिर में गीता का मूल पाठ नगर के युवा पंडित श्री हेमन्त भट्टप्रात: 10बजे से करेंगे तथा आरती दिन में 12.15 बजे होगी। गीता भवन परिवार एवं समस्त धर्मानुरागी सज्ञनों, माता एवं बहनों से गीता पाठ एवं आरती में शामिल होने की अपील गीता भवन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष जगदीश चौधरी, सचिव अशोक त्रिपाठी, वरिष्ठ ट्रस्टी श्री धीरेन्द्र त्रिवेदी, सेठ श्री रामेश्वर काबरा, बंशीलाल टांक, विनोद चौबे, शेषनारायण माली ने की है।



### कलेक्टर ने बनाई योजना... 
पेज 1 से जारी

लाख भारतीयों की मौत हार्ट अटैक से हो चुकी है। इनमें भी 10 में से 4 मरीजों की उम्र 45 साल से कम है। कोरोना के बाद से युवाओं में या कम उम्र में हार्ट अटैक के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

**कुछ यूं आया विचार...**

जिले में गत तीन माह में ही करीब 20 से अधिक ऐसे युवाओं की मौत हार्ट अटैक से हुई, जिनको पूर्व में दिल से जुड़ी कोई बीमारी नहीं थी। इसके बाद ही योजना का खाका तैयार हुआ। इस योजना को संभाग आयुक्त डॉ. संजय गोयल को जब कलेक्टर ने बताया तो उन्होंने भी पसंद किया।

**इनका कहना-** जिले का प्रत्येक नागरिक, इनमें भी युवा हमारे देश का भविष्य है। इनको जरा सी लापरवाही से ऐसे नहीं मरने दे सकते। इसलिए ही दवा दुकान पर मरीज या उनके परिजन जब दवा लेने जाएंगे तब बीपी की जांच की जाएगी। जहां कुछ गड़बड़ी पाई जाएगी, तत्काल चिकित्सक के पास जाने की सलाह दी जाएगी। इस नवाचार को शुरू करने की पूरी तैयारी हो गई है। **दिनेश जैन, कलेक्टर नीमच**

# राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों का एलान

## मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड, चिराग और सात्विक साईराज को खेल रत्न

**नई दिल्ली, 20 दिसम्बर।** इस साल मिलने वाले स्पोर्ट्स अवॉर्ड के लिए खिलाड़ियों के नामों की घोषणा कर दी है। खेल रत्न पुरस्कार बैडमिंटन की जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी को मिलेगा। क्रिकेट टीम के स्टार गेंदबाज मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड के लिए शामिल किया गया है। राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 9 जनवरी, 2024 को दिए जाएंगे। खेल मंत्रालय ने यह एलान किया। राष्ट्रपति द्वारा अवॉर्ड एथलीट्स को प्रदान किए जाएंगे।




**26 एथलीट्स को अर्जुन अवॉर्ड दिए जाएंगे-** खेल मंत्रालय के अनुसार, मोहम्मद शमी समेत 26 एथलीट्स को अर्जुन अवॉर्ड दिया जाएगा। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से चिराग शेट्टी और रंकीरेड्डी को सम्मानित किया जाएगा। खेल मंत्रालय ने बताया कि समितियों की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने सभी एथलीट्स, कोचों और संस्थाओं को पुरस्कार के लिए चुना गया है।

# जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा में पात्र हितग्राहियों को दिलाया जा रहा है योजनाओं लाभ

**मंदसौर, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी तक पूरे जिले में भ्रमण करेगी। इस दौरान यह यात्रा प्रत्येक गांव का भ्रमण करेगी। जिले में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्?तर पर किया जा रहा है। जिले में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' अंतर्गत शिविर आयोजित कर सभी पात्र हितग्राहियों को केन्द्रीय योजनाओं लाभ दिलाया जा रहा है। यात्रा के दौरान कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने ग्राम ढीकोला ग्राम में निरीक्षण किया। विभागों द्वारा ग्रामीण जनों को दी जा रही योजना के बारे में जानकारी ली। इस दौरान श्री नानालाल अटोलिया एवं सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम मौजूद थे।

यात्रा ने जनपद मंदसौर में ग्राम ढीकोला, भूखी, रिछालालमुहा एवं निम्बोद, जनपद मल्हारगढ़ में यात्रा मगराना एवं हाथीबोलिया, जनपद गरोठ में यात्रा देथली बुजुर्ग एवं धालमु, जनपद भानपुरा में यात्रा ग्राम केथुली एवं ढाबला माधोसिंह, जनपद सीतामऊ में मऊखेड़ा, कचनारा, खजूरी मांडा एवं धंधेड़ा में भ्रमण किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम पंचायत स्तर पर जन-जागरूकता की गतिविधियाँ संचालित की जा रही है। ग्रामीण इलाकों के लिये प्रमुख योजनाओं में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामीत्व, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो फर्टलाइजर शामिल हैं। मगराना जिला मंदसौर में शिविर के दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को फूड बास्केट (पौष्टिक आहार) किट का वितरण किया गया है।

# मंदसौर मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव्स रहे एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल पर

**मंदसौर, 20 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** फेडरेशन ऑफ मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर विभिन्न मांगो को लेकर मंदसौर एम आर यूनियन के सभी सदस्य एकदिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल में दवा बाजार से नारेबाजी करते हुए पैदल रैली निकाल कर गांधी चौराहे पर धरना देकर पुन: दवा बाजार मे अपनी रैली मे अपना काम बन्द रखा।




मंदसौर एम आर यूनियन अध्यक्ष दिनेश चंदवानी ने बाताया की पूरे भारत मे लाखों की संख्या मे आज दवा प्रतिनिधि अपनी बारह सुत्रिय मांगो को लेकर हड़ताल पर है। जिसमे चार लेबर संहिता कानूनों को निष्क्रिय कर सेल्स प्रोमोशन एमल्प्लोई एक्ट 1976 को सुरक्षित रखना, आवश्यक दवाईयों पर जीरो प्रतिशत जीएसटी लागू करना, ऑनलाइन दवाईयों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाना एवं न्यूनतम वेतन लागू करना इत्यादि शामिल है। इस अवसर पर विनोद गुप्ता, लोकेश जैन, कौशल आर्य, महेश धनोतिया, बिजेन्द्र झा, मिथुन वप्ता, दीपक दिक्षित, अशीष जैन, जितेन्द्र सिंह जाट, मयंक राणा, गौतम कुमार, संदीप भावसार, विकास कुमार, पंकज चौधरी, नीरज माली, मुकेश भाटी, लोकन्द्र पांडे, शैलेश शर्मा, राम मीणा, आदित्य बसवा, जितेन्द्र चौधरी, रंजीत बसवा, पलाश सोनी, निशांत शर्मा, विष्णु सरतालिया, रवि प्रकाश, धरमवीर सिंह, अमित कुमार जैन, दिलीप प्रजापति, संदीप जैन, सतीश गोयल, राहुल गहलोत, महेंद्र सिंह, अनिल प्रजापत, मयुरेश व्यास सहित अनेक लोगा उपस्तिथ थे।

इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर
त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन
डॉ. परीक्षित शर्मा
एम.डी. (स्कीन)
शनिवार दिनांक 23 दिसम्बर को शाम 5 से रात 8 और रविवार 24 दिसम्बर को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।
सुविधाएं- ✲ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✲ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✲ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✲ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✲ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✲ शरीर पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✲ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✲ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✲ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✲ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)
करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/2038/खनिज/2023 मंदसौर, दिनांक-08.12.2023

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विनयकुमार मुंजी पिता देवीचंद मुंजी निवासी सी-60, जनता कालोनी, मंदसौर, जिला-मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 09.10.2023 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 12.01.2024 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मल्हारगढ़ | खोखरा | 409/7/2 | 2.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम. सेंड (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12.01.2024 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्य तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा, जिला मंदसौर म.प्र.

G-22011/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in